भारत सरकार | राज्य सभा
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय | अतारांकित प्रश्न सं. 850
वाणिज्य विभाग

दिनांक 06 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

बांग्लादेश द्वारा भारतीय सूती धागे पर प्रस्तावित प्रशुल्क

850 श्री नारायण दास गुप्ताः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बांग्लादेश भारत से आयातित सूती धागे पर 10 से 20 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान बांग्लादेश को निर्यात किए गए सूती धागे का मूल्य और मात्रा कितनी है और भारत के कुल सूती धागे के निर्यात में बांग्लादेश का कितना योगदान है;

(ग) क्या सरकार ने बांग्लादेश के साथ द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में आई समग्र गिरावट के परिप्रेक्ष्य में, इस विषय को बांग्लादेश सरकार के साथ राजनयिक अथवा व्यापारिक माध्यमों से उठाया है; और

(घ) भारतीय किसानों और वस्त्र क्षेत्र के संरक्षण हेतु वैकल्पिक निर्यात बाजारों की खोज, व्यापारिक उपचारों अथवा नीतिगत समर्थन सहित किन उपायों पर विचार किया जा रहा है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क से घ) इस संबंध में बांग्लादेश सरकार की ओर से अभी तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत से बांग्लादेश को निर्यात किए गए सूती धागे के मूल्य और मात्रा का वर्ष-वार विवरण, साथ ही भारत के कुल सूती धागे के निर्यात में बांग्लादेश की हिस्सेदारी का ब्यौरा निम्नवत है:

बांग्लादेश को सूती धागे (एचएस कोड-5205, 5206, 5207) का निर्यात				
क्र.स.	वित्त वर्ष	मात्रा(टन)	मिलियन अमेरिकी डॉलर	भारत के निर्यात में बांग्लादेश की % हिस्सेदारी
1	2022 - 2023	239,035	1,017.01	36.95
2	2023 - 2024	428,058	1,356.11	35.87
3	2024 - 2025	570,178	1,749.04	49.22

स्रोत:डीजीसीआईएस

*****